भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या - 560
दिनांक 24.07.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

ईरान-इजरायल युद्ध के कारण फंसे भारतीय

560 **# श्री नीरज डांगी:**
क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार के पास वर्तमान में ईरान-इजरायल में भारतीय छात्रों, यात्रियों व कार्यरत व्यक्तियों समेत भारतीयों की संख्या संबंधी कोई आंकड़ें हैं;
(ख) हाल में हुए ईरान-इजरायल युद्ध के दौरान मारे गए भारतीयों का ब्यौरा क्या है;
(ग) सरकार द्वारा दोनों देशों के बीच युद्ध जैसी स्थिति से निपटने के लिए क्या-क्या प्रयास किए गए; और
(घ) सरकार द्वारा हाल में हुए इस युद्ध के दौरान अपने वतन वापस लाये गए भारतीयों की राजस्थान सहित राज्य-वार संख्या क्या है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) वर्तमान में, लगभग 40,100 भारतीय इजरायल में रह रहे हैं, जिनमें छात्र, देखभालकर्ता, निर्माण और कृषि श्रमिक, व्यवसायी/विशेषज्ञ आदि शामिल हैं। हाल के संघर्ष से पहले, ईरान में लगभग 10,000 भारतीय रह रहे थे, जिनमें छात्र, श्रमिक, नाविक और मछुआरे, तीर्थयात्री और यात्री शामिल थे, जिनमें से 3597 भारतीय नागरिकों को ऑपरेशन सिंधु के तहत निकाला गया था।
(ख) उपलब्ध जानकारी के अनुसार, हाल के संघर्ष के दौरान ईरान या इजरायल में किसी भी भारतीय के मारे जाने की सूचना नहीं है।
(ग) आपातकालीन स्थिति को देखते हुए और ईरान तथा इजरायल में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए, भारत सरकार ने 18 जून 2025 को फंसे हुए भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन सिंधु शुरू किया। सरकार ने फंसे भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों को सहायता प्रदान करने के लिए 17 जून 2025 को भारत में विदेश मंत्रालय मुख्यालय में एक 24x7 नियंत्रण कक्ष स्थापित किया। स्थिति पर नज़र रखने और भारतीय नागरिकों को सूचना एवं सहायता

प्रदान करने के लिए ईरान और इजरायल स्थित हमारे राजदूतावासों द्वारा भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए। इन राजदूतावासों और विदेश मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से सूचना प्रसारित की गई।

आर्मेनिया, तुर्कमेनिस्तान, मिस्र और जॉर्डन स्थित भारतीय राजदूतावासों ने इन देशों की भूमि सीमा पार से भारतीय नागरिकों को निकालने और उन्हें निर्धारित निकासी उड़ानों में सवार होने में सहायता प्रदान करने के लिए दल तैयार किए। सरकार ने फंसे हुए भारतीय नागरिकों के लिए सुरक्षित आश्रय, भोजन, आंतरिक परिवहन, विशेष निकासी चार्टर/भारतीय वायुसेना की उड़ानें आदि सहित संभार तंत्रीय सहायता प्रदान की। इस पूरी निकासी प्रक्रिया के दौरान भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने इन देशों में अपने समकक्षों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखा। सरकार की आगे की कार्रवाई इन देशों में बदलती स्थिति के अनुसार होगी। भारतीय नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे गैर-ज़रूरी यात्रा करने से पहले मौजूदा घटनाक्रमों पर सावधानीपूर्वक विचार करें और समय-समय पर भारतीय अधिकारियों द्वारा जारी की गई परामर्शी का पालन करें।

(घ) भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान और इजरायल से 4415 भारतीय नागरिकों को निकाला। ईरान से 3597 और इजरायल से 818 भारतीय नागरिकों को निकाला गया। निकाले गए भारतीय नागरिकों की राज्यवार सूची नीचे दी गई है।

ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से निकाले गए भारतीय नागरिकों की सूची

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**नागरिकों की संख्या**
आंध्र प्रदेश	26
बिहार	50
छत्तीसगढ	2
दिल्ली	114
गुजरात	56
हरियाणा	8
जम्मू एवं कश्मीर	1521
झारखंड	3
कर्नाटक	135
केरल	21
लद्दाख	223
मध्य प्रदेश	15
महाराष्ट्र	89
ओडिशा	1
पंजाब	10
राजस्थान	6
तमिलनाडु	71
तेलंगाना	31
उत्तर प्रदेश	1198
उत्तराखंड	4
पश्चिम बंगाल	13
कुल	**3597**

ऑपरेशन सिंधु के तहत इजरायल से निकाले गए भारतीय नागरिकों की सूची

राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	**नागरिकों की संख्या**
आंध्र प्रदेश	50
अरुणाचल प्रदेश	1
असम	3
बिहार	30

चंडीगढ़	1
छत्तीसगढ	2
दिल्ली	39
गोवा	2
गुजरात	32
हरियाणा	21
हिमाचल प्रदेश	7
जम्मू एवं कश्मीर	6
झारखंड	9
कर्नाटक	32
केरल	62
मध्य प्रदेश	4
महाराष्ट्र	93
मणिपुर	2
ओडिशा	16
पुदुचेरी	5
पंजाब	8
राजस्थान	25
सिक्किम	2
तमिलनाडु	74
तेलंगाना	37
उत्तर प्रदेश	92
उत्तराखंड	12
पश्चिम बंगाल	151
कुल	**818**

*****